...यालय तहसीलदार कोटपूतली जयपुर(राज.)

पीठासीन अधिकारी
अनूप सिंह (आरटीएस)

मि.न.160 / 2019

दिनांक–20.12.19

सरकार बनाम रामेश्वर वगै0

निर्णय

पत्रावली पेश हुई । गैर सायलान अनुपस्थित ।

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि पटवारी हल्का रामसिंह पुरा ने एक रिर्पोट इस आशय की पेश की है कि सम्वत 2076 में वाके ग्राम खरकडी तहसील कोटपूतली के ख0 न0 229 / 0.13है0 किस्म गै0मु0 रास्ता भूमि मेंसे 0.01 है0 पर रामेश्वर , रामशरण पुत्र सरदारा जाति गुर्जर निवासी खरकडी ने लेटरिन , बथरूम व ईट रख कर नाजायज रूप से अतिक्रमण कर लिया है ।

रिर्पोट पटवारी दर्ज रजिस्टर कर गैर सायलान को विधिवत एल.आर.एक्ट 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस दिये गया । बाद तामिल नोटिस संलग्न किये गये । सुचनाप्रान्त गैर सायलान उपस्थित नहीं आये तथा ना ही जबाब पेश किया अतः गैर सायलान के विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही की जाती है पत्रावली में संलग्न दस्तावेज, पटवारी हल्का रिपोर्ट पर गौर किया तो विवेचन में पाया कि पटवारी हल्का द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट भू– अभिलेख निरीक्षक द्वारा जांच के उपरान्त पेश की गई है।

अतः गैरसालान रामेश्वर , रामशरण पुत्र सरदारा जाति गुर्जर निवासी खरकडी ने वाके ग्राम खरकडी के खसरा नंबर 229 / 0.13है0 किस्म जमीन गै0मु0 रास्ता की भूमि मेंसे 0.01है0 भूमि पर अतिक्रमण अवैध अतिक्रमण सिद्व होता है अतः अतिकमी के विरूद्व कार्यवाही किया जाना उचित प्रतित होता है । अगर अतिकमी के विरूद्व कार्यवाही नहीं की गई तो अतिक्रमण को बढावा मिलेगा व क्षेत्र में असंतोष की स्थिति उत्पन्न होगी

अतः रामेश्वर , रामशरण पुत्र सरदारा जाति गुर्जर निवासी खरकडी तहसील कोटपूतली जिला जयपुर को वाके ग्राम खरकडी तहसील कोटपूतली के ख0 न0 229 / 0.13है0,किस्म गै0मु0 रास्ता मे से 0.01है0 भूमि पर अतिक्रमी धोषित किया जाता है तथा गैर सायल को उक्त आराजीयात पर बनाई गई लेटरिन, बाथरूम को ध्वस्त किया जाकर भौतिक रूप से बेदखल किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। नाजायज रूप से अतिक्रमण करने के आरोप मे लगान राशी0.04रू. का पचास गुणा 20 रू अर्थ दण्ड के रूप में जुर्माना किया जाता है भू–

तहसीलदार
कोटपूतली (जय...

अभिलेख निरीक्षक व पटवारी हल्का को वास्ते निलामी ,बेदखली आदेश जारी हों तथा मांग कायमी टी.आर. ए. को करवाई जावे। निर्णयानुसार कार्यवाही पूर्ण हो कर पत्रावली बाद तकमिल दाखिल दफतर होकर नम्बर से कम हो ।

निर्णय आज दिनाक 20.12.19 को सरे इजलास सुनाया गया ।

तहसीलदार
कोटपूतली (जयपुर)

वर्ष 200 0. .... क रा० लं० के
पृष्ठ संख्या ...... पर ....
दर्ज कर दिये गये।

राजस्व लेखाकार
कोटपूतली